सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

दिनांक –13.09.2024

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल पर्यवेक्षण थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

कृपया अवगत कराना है कल दिनांक **12.09.2024** को वादी श्री कालका प्रसाद प्रजापति पुत्र स्व0 नाथूराम निवासी ग्रा0 व पो0 मदारीपुर थाना-कुठौन्द जनपद- जालौन द्वारा थाना कुठौन्द में अपनी पिता की हत्या के संबन्ध में मु0अ0सं0 225/24 धारा 103(1) बीएनएस बनाम जमील बेग उर्फ बल्ली पुत्र छोटे बेग निवासी ग्रा0 व पोस्ट मदारीपुर थाना कुठौन्द जनपद जालौन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

उल्लेखनीय है कि दिनांक **05.09.2024** को कालका प्रसाद उपरोक्त द्वारा थाना कुठौन्द में फौती सूचना दी गयी थी कि मेरे पिता पिता नाथूराम पुत्र हरसनेही उम्र करीब 80 ग्राम सचिवालय मदारीपुर में चौकीदारी करते है जिनकी **04/05-09-2024** की रात्रि में मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा तत्काल पंचायतनामा की कार्यवाही कराते हुये शव का पोस्टमार्टम कराया गया था।

थाना कुठौन्द पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध आरोपी जमील वेग उर्फ बल्ली पुत्र छोटे बेग उपरोक्त को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में अभियुक्त जमील बेग उपरोक्त ने जुर्म स्वीकर करते हुये बताया है कि मैं ग्राम सचिवालय मदारीपुर मे लगभग एक माह से एक कमरे में रहने लगा था। ग्राम सचिवालय के चौकीदार नाथूराम प्रजापति भी एक कमरे में रहते थे। उनके कमरे में इन्वर्टर लगा हुआ था। बिजली चली जाने पर पंखा चलता रहता था। इस कारण से दिनांक **04/05.09.24** को रात्रि में मैने नाथूराम से उनके कमरे में सोने के लिये कहा तो नाथूराम ने मना करते हुए कहा कि मैं ग्राम सचिवालय का चौकीदार हूँ। इसमें किसी अन्य व्यक्ति को रहने का अधिकार नही है, जिससे गुस्से/आवेश में आकर मैने नाथूराम को धक्का देकर उसके गले में पड़े मोटे काले धागे से कसकर उसका गला दबा दिया था, जब वह गिर पड़ा था तब मैं वहा से भाग गया था।

नाम पता अभियुक्त

1- जमील बेग उर्फ बल्ली पुत्र छोटे बेग निवासी ग्रा0 व पोस्ट मदारीपुर थाना कुठौन्द

पुलिस टीम का विवरण-

1- थानाध्यक्ष कुठौन्द जनपद जालौन मय टीम।